**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1021**
**दिनांक 8 फरवरी, 2022 के लिए प्रश्न**

**विषय: पशुधन क्षेत्र में विकास दर**

**1021. श्री पी.आर.नटराजन:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास निकट भविष्य में पशुपालन और डेयरी विभाग में विभिन्न घटकों को संशोधित करने और पुन: व्यवस्थित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन योजनाओं के लिए किए गए बजट प्रावधान का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में पशुधन क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पशुधन क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या है; और

(घ) देश में अब तक पशुधन क्षेत्र की विकास दर का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) से (घ) हाल ही में, सरकार ने वर्ष 2021-22 से शुरू होकर अगले 5 वर्षों के लिए देश भर में पशुपालन और डेयरी के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 5 साल के लिए 54,618 करोड़ रुपये के कुल निवेश का लाभ उठाने के लिए 5 वर्षों की अवधि में 9800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ निम्नलिखित मौजूदा योजनाओं के विभिन्न घटकों को संशोधित और पुन: व्यवस्थित किया है।

I. राष्ट्रीय गोकुल मिशन
II. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम
III. डेयरी क्रियाकलापों में लगे डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादन संगठनों को सहायता
IV. राष्ट्रीय पशुधन मिशन
V. पशुधन संगणना और एकीकृत नमूना सर्वेक्षण
VI. पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण

हमारे देश में पशुधन क्षेत्र वर्ष 2014-15 से वर्ष 2020-21 तक 7.93% (स्थिर मूल्यों पर) की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। देश में वर्ष 2014-15 से वर्ष 2020-21 (अनंतिम) तक दूध उत्पादन, अंडा उत्पादन और मांस उत्पादन क्रमशः 6.20%, 7.64% और 4.67% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2021 के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान सकल मूल्य वर्धित और पशुधन क्षेत्र की विकास दर निम्नानुसार है:

| | जीवीए ( रुपये करोड़ में) | | | वृद्धि दर (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2018-19*** | 2019-20# | 2020-21@ | 2018-19* | 2019-20# | 2020-21@ |
| स्थिर (2011-12) मूल कीमतों पर | 5,40,970 | 5,81,450 | 6,17,117 | 7.97 | 6.96 | 5.78 |

***: तीसरा संशोधित अनुमान; #: दूसरा संशोधित अनुमान; @: प्रथम संशोधित अनुमान;
स्रोत: एनएडी, एनएसओ, एमओएसपीआई।

****